# कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला स्तरीय समिति
# आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति
# –:: जिला नारायणपुर (छत्तीसगढ़) ::–

**Phone No . 07781-252881 Fax No.– 252920 Email- collector.assttw.narayanpur@gmail.com**

**कमांक/ 1043/आ0वि0/एकलव्य/2025–26** **नारायणपुर, दिनांक 25/07/2025**

## <u>जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षक एवं अन्य पद की व्यवस्था हेतु चल साक्षात्कार</u>

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति जिला नारायणपुर में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छेरीबेड़ा/ओरछा में शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु अस्थाई रूप से मानदेय पर अध्यापन कार्य हेतु अतिथि शिक्षक एवं अन्य पद की व्यवस्था हेतु पात्र अभ्यर्थियों का चयन आवेदन पत्र आमंत्रित कर साक्षात्कार के माध्यम से किया जाना है।

विज्ञापन का विस्तृत विवरण हेतु जिले के वेबसाईट **https://narayanpur.gov.in/** पर अवलोकन किया जा सकता है ।

**साक्षात्कार का विवरण :–**

| क | पदनाम व विषय | आवेदन पत्र पंजीयन एवं साक्षात्कार का समय |
|---|---|---|
| 1 | पीजीटी इतिहास | 06.08.2025 समय प्रातः 9:00 बजे |
| 2 | काउंसलर (केवल महिला) | 06.08.2025 समय प्रातः 9:00 बजे |

**(कलेक्टर एवं अध्यक्ष महोदया द्वारा अनुमोदित)**

**सहायक आयुक्त/सदस्य सचिव**
जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण,
आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति,
जिला– नारायणपुर .छत्तीसगढ़

पृ.क्रमांक/ 1044/आ0वि0/एकलव्य/2025–26 नारायणपुर दिनांक 25/07/2025

प्रतिलिपि,

1. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इंद्रावती भवन अटल नगर, रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. सहायक संचालक जिला जनसम्पर्क नारायणपुर को सूचनार्थ एवं समचार पत्र में प्रकाशन करने हेतु।
3. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, नारायणपुर को सूचनार्थ एवं जिले के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
4. प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छेरीबेड़ा/ओरछा जिला नारायणपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

**सहायक आयुक्त/सदस्य सचिव**
जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण,
आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति,
जिला– नारायणपुर .छत्तीसगढ़

**कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला स्तरीय समिति**
**आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति**
**—:: जिला नारायणपुर (छत्तीसगढ़) ::—**

**Phone No . 07781-252881 Fax No.— 252920 Email- collector.assttw.narayanpur@gmail.com**

**क्रमांक/ 1045/आ0वि0/एकलव्य/2025—26** **नारायणपुर, दिनांक 25/07/2025**

**जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025—26 हेतु अतिथि शिक्षक एवं अन्य पद की व्यवस्था हेतु चल साक्षात्कार**

**—: मार्गदर्शी सूचना प्रारूप :—**

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति जिला नारायणपुर में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छेरीबेड़ा/ओरछा में शैक्षणिक सत्र 2025—26 हेतु अस्थाई रूप से निश्चित मानदेय पर अध्यापन कार्य हेतु 'अतिथि शिक्षक' एवं अन्य पद लिया जाना है।

1. **रिक्तियों की संख्या** — कुल विषयवार शिक्षकों की पद संख्या संभावित आवश्यकता निम्नानुसार है, जो विद्यालय में आवश्यकता अनुसार परिवर्तनीय है :—

| एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छेरीबेड़ा/ओरछा | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र | विषय | पद संख्या | | |
| | | EMRS, छेरीबेड़ा | EMRS, ओरछा | कुल |
| 1 | पीजीटी इतिहास | 1 | - | 1 |
| 2 | काउंसलर (महिला) | 1 | 1 | 2 |
| योग - | | 2 | 1 | 3 |

2. **पदों हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता :—**

विज्ञापित पदों हेतु अनिवार्य योग्यता संबंधी विवरण निम्नानुसार है :—

**(A) PGT:-**

I. न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ एनसीईआरटी के रिजनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन से संबंधित विषय में 02 साल का इंटीग्रेटेड कोर्स या संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री।

- PGT (इतिहास) — इतिहास में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो। स्नातक स्तर पर भी इतिहास विषय होना चाहिये।

II. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालंय से बी.एड या समकक्ष डिग्री।

**वांछनीय योग्यता :—**

- हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण में प्रवीणता। जिसके लिए उम्मीदवार द्वारा घोषणा पत्र में सत्यापित करना होगा।
- शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त संस्थान से विद्यालय में अध्यापन कार्य करने का का अनुभव।

**(B)** **काउंसलर पद हेतु :—** NESTS के नियमानुसार।

3. **आयु की गणना :—**

01 अप्रैल 2025 की स्थिति में न्यूनतम आयु पीजीटी — 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष अन्य पद के लिए 21 वर्ष से 40 वर्ष है।

4. साक्षात्कार का विवरण :–

| क. | पदनाम व विषय | आवेदन पत्र पंजीयन एवं साक्षात्कार कासमय |
|---|---|---|
| 1 | पीजीटी इतिहास | 06.08.2025 समय प्रातः 9:00 बजे |
| 2 | काउंसलर (केवल महिला) | 06.08.2025 समय प्रातः 9:00 बजे |

टीप :– साक्षात्कार का स्थान :– एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छेरीबेड़ा जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

5. चयन प्रक्रिया :–

1. जिला समितियों के अधीन विद्यालयों के लिए प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता/साक्षात्कार एवं अनुभव के आधार पर तथा अन्य अतिरिक्त प्रस्तावित अंकों के आधार (अध्यापन कार्य अनुभव) पर मेरिट तैयार कर पदवार शिक्षकों का एक पैनल तैयार करेगी। जिसे वर्ष भर में उत्पन्न होने वाली रिक्तियों के लिए उपयोग में लाया जायेगा।

6.योग्यता सूची तैयार करने के लिए अभ्यर्थियों के लिए चयन का मापदण्ड :–

| क. | शैक्षणिक योग्यता | अध्यापन कार्य का अनुभव | साक्षात्कार | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 40 अंक | 20 अंक | 40 अंक | 100 अंक |

7. अनुभव :– अनुभव प्रमाण पत्र मान्य करने हेतु शासकीय शाला (केन्द्र/राज्य शासन के अधीन)/शासकीय अनुदान प्राप्त शाला में कार्य किये होने पर ही मान्य होगा।

8. नियुक्ति के संबंध में :–

1. पैनल लिस्ट के अतिथि शिक्षक को किसी भी प्रकार का नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया जायेगा।
2. चयनित उम्मीदवारों को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य पर लिया जा सकता है, जहां उन्हें रिक्ति/छुट्टी रिक्ति के मामले में तैनात किया जाएगा।
3. कार्य पर लिए जाने वाले अतिथि शिक्षक को एक अनुबंध प्रारूप में अनुबंध कराया जायेगा जिसमें विभिन्न शर्तों के अधीन चालू शैक्षणिक सत्र तक कार्य करने एवं कार्य दायित्वों का उल्लेख होगा। अनुबंध एक शैक्षणिक वर्ष या रिक्ति अवधि (मातृत्व अवकाश या बाल देखभाल अवकाश या 30 दिनों से अधिक की कोई अन्य लंबी छुट्टी) तक या नियमित पदधारी के स्पष्ट रिक्ति के मामले में शामिल होने तक, जो भी पहले हो, तक वैध होगी।
4. अतिथि शिक्षक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में नियमित पदस्थापना के लिए दावा नहीं करेंगे।

9.मानदेय :–

| क. | पदनाम | पारिश्रमिक/मानदेय |
|---|---|---|
| 1 | Guest Teacher Post Graduate Teachers (PGT) with full Time engagement | NESTS द्वारा निर्धारित पूर्ण योग्यता होने पर रू. 35,000/– |
| 2 | काउंसलर | NESTS के नियमानुसार दिया जायेगा। |

10. सामान्य निर्देश :–

(अ)अतिथि शिक्षकों हेतु :–

1. अतिथि शिक्षकों की सेवाएं बिना कोई कारण बताए किसी भी समय केवल 15 दिनों की पूर्व सूचना देकर समाप्त की जा सकती हैं।
2. नियुक्ति में किसी प्रकार का आरक्षण लागू नहीं होगा।
3. अतिथि शिक्षकों के कार्य के घंटे नियमित शिक्षकों के समान होंगे।

4. अतिथि शिक्षकों के कर्तव्य और जिम्मेदारियां नियमित शिक्षक/पदधारी के समान होंगी। नियमित कक्षा गतिविधि, प्रतिलिपि सुधार, निरीक्षण कर्तव्य, मूल्यांकन कर्तव्य, छात्रों को विभिन्न साहित्यिक, सह पाठ्यचर्या, खेल गतिविधि अनुरक्षण कर्तव्य, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामांकन, उपचारात्मक व संध्याकालीन कक्षाएं प्राचार्य द्वारा सौंपे गए कर्तव्यों आदि शामिल होंगे।
5. एकलव्य विद्यालय में नियमित शिक्षक/पदधारी के शामिल होने के मामले में, जहां अतिथि शिक्षक कार्य कर रहा है, अतिथि शिक्षक को अन्य एकलव्य विद्यालय में तैनात किया जा सकता है, जहां उक्त रिक्ति मौजूद हो, बशर्ते अतिथि शिक्षक का प्रदर्शन संतोषजनक हो और अतिथि शिक्षक ने आवेदन पत्र में उस एकलव्य विद्यालय के विकल्प का प्रयोग किया। तथापि अतिथि शिक्षकों की कमी की स्थिति में अतिथि शिक्षकों की सहमति से किसी भी एकलव्य विद्यालय में पदस्थापना किया जा सकता है।
6. अतिथि शिक्षक का नियुक्ति केवल एक शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए वैध रहेगा। हालांकि, अप्रत्याशित परिस्थितियों के मामले में या अतिथि शिक्षक के संतोषजनक प्रदर्शन के साथ, अतिथि शिक्षक के नियुक्ति की वैधता को अगले शैक्षणिक वर्ष के लिए अनुमोदन से बढ़ाया जा सकता है, अतिथि शिक्षक के साथ एक नए अनुबंध में प्रवेश करें बशर्ते कि रिक्ति अभी भी मौजूद हो।

**11. आवेदन करने हेतु सामान्य निर्देश :–**

1. पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। जिला स्तरीय समिति को अधिकार होगा कि वह विज्ञापन को किसी भी समय निरस्त कर सकता है या रिक्त पदों में से पूरे या आंशिक रूप से भर्ती कर सकता है। समिति को यह भी अधिकार होगा कि वह विज्ञापन की प्रक्रिया व शर्तों को आवश्यकता होने पर बिना किसी सूचना के संशोधन या परिवर्तन कर सकता है।
2. आवेदन पत्र में अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण जानकारी मूल अभिलेखों में त्रुटि पाये जाने पर आवेदन बिना सूचना के निरस्त कर दिया जावेगा।
3. किसी प्रकार की सिफारिश पाये जाने पर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जावेगी।
4. इस भर्ती के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद होने पर जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के पास अधिकार सुरक्षित होगा।

**12. अभ्यर्थियो द्वारा आवेदन करने की प्रकिया :–**

1. विज्ञापन के पदों पर आवेदन पत्र जिला के वेब साईट **https://narayanpur.gov.in/** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी रिक्त पदों के लिए एक से अधिक विद्यालय में आवेदन करने के लिए एक ही आवेदन पत्र भरें।
2. अभ्यर्थी वेबसाईट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर समस्त दस्तावेज की 02 स्व–प्रमाणित प्रति लेकर आवें।
3. आवेदन पत्र स्पष्ट एवं साफ–सुथरी होनी चाहिए।

**सहायक आयुक्त/सदस्य सचिव**
जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण,
आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति,
जिला- नारायणपुर छत्तीसगढ़

Eklavya Second Docx

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अतिथि शिक्षक साक्षात्कार हेतु आवेदन पत्र–वर्ष 2025–26

अपना नवीनतम फोटोग्राफ्स स्व–प्रमाणित कर चिपकाएं।

**आवेदित पद का नाम :–** :..................................................

1. आवेदित जिले का नाम : ..................................................
2. आवेदक का नाम : ..................................................
3. लिंग (महिला/पुरूष/ट्रांसजेंडर) : ..................................................
4. पिता/पति का नाम : ..................................................
5. जाति/वर्ग : ..................................................
   (अ.ज.जा./अ.जा./अ.पि.व./निशक्त/आर्थिक पिछड़ा/सामान्य) प्रमाण पत्र संलग्न करें।
6. जन्मतिथि :..................................................
   प्रमाणन हेतु हाई स्कूल का अंकसूची संलग्न करें।
7. आयु (दिनांक 01.04.2025 को आयु) : ..................................................
8. पत्राचार का पूर्ण पता : ..................................................
   ..................................................
   ..................................................
9. मोबाईल नं. : ..................................................
10. ई–मेल आईडी : ..................................................
11. आधार नंबर :– ..................................................

12. शैक्षणिक योग्यता

| क्र0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्तांक प्रतिशत/ग्रेड | अध्ययन का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | High School | | | | | | | |
| 2. | Higher Secondry School | | | | | | | |
| 3. | Graduation | | | | | | | |
| 4. | Post Graduation | | | | | | | |
| 5. | B.Ed. | | | | | | | |
| 6. | CTET/TET | | | | | | | |
| 7 | other | | | | | | | |

13. **अनुभव :**

(अ) क्या आप एकलव्य आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक कार्य का अनुभव है हां/नहीं

| क्र0 | संस्था का नाम | पदनाम | अवधि | | कुल अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कब से | कब तक | वर्ष | माह |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. **पदस्थापना हेतु प्राथमिकता का क्रमः—**

EMRS के विकल्प :—

1. ---------------------------------
2. ---------------------------------

**घोषणा पत्र**

मैं................................. घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास में पूर्णतः सही है। मेरे द्वारा दी गई जानकारी त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर मेरे विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी एवं मेरा आवेदन स्वमेव निरस्त माना जावेगा। जिसके लिए मै स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी।

दिनांक ..............................

**आवेदक का हस्ताक्षर**

स्थान ..........................